चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

पत्रांक : सामान्य–08 / 5044
दिनांक : 05/12/2022

सूचना

विश्वविद्यालय का 34वाँ दीक्षान्त समारोह दिनांक 15 दिसम्बर, 2022 को नियत है। विभिन्न पाठ्यक्रमों की श्रेष्ठता सूची के आधार पर **वर्ष 2022** के कुलाधिपति स्वर्ण पदक, पूर्व राष्ट्रपति डॉ0 शंकर दयाल शर्मा स्वर्ण पदक, किसान ट्रस्ट द्वारा प्रदत्त–चौधरी चरण सिंह स्मृति प्रतिभा पुरस्कार, प्रायोजित स्वर्ण पदक, कुलपति स्वर्ण पदक व विशिष्ट योग्यता प्रमाण पत्रों तथा **वर्ष 2021** के अवशेष प्रायोजित स्वर्ण पदक, कुलपति स्वर्ण पदक व विशिष्ट योग्यता प्रमाण–पत्रों की सूचियाँ विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.ccsuniversity.ac.in** पर कार्यालय पत्र संख्या–5033, दिनांक 30.11.2022 के द्वारा इस आशय से अपलोड की गयी थीं कि किसी छात्र/छात्रा को कोई आपत्ति हो तो वे दिनांक 04.12.2022 की सायं 4:00 बजे तक सामान्य विभाग में प्रत्येक दशा में अवश्य प्राप्त करा दें। उक्त अपलोड की गई सूचियों के सापेक्ष कतिपय आपत्तियाँ प्राप्त हुई थी जिनका निवारण कर संशोधित मेरिट (Revised Merit) के आधार पर तैयार पदकों एवं प्रमाण–पत्रों की संशोधित सूचियाँ पुनः विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड कर दी गई हैं।।

छात्र/छात्राओं से अपेक्षित है कि सूचियों का भली–भाँति अवलोकन कर लें और **यदि किसी छात्र/छात्रा को कोई आपत्ति है तो अपनी आपत्ति सामान्य विभाग में प्रत्येक दशा में दिनांक 07.12.2022 की सायं 4:00 बजे तक अवश्य प्राप्त करा दें। उक्त निर्धारित तिथि के पश्चात किसी भी दशा में कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।**

नोट :– विद्यार्थियों से यह भी अपेक्षित है कि वे दीक्षान्त समारोह से सम्बन्धित अद्यतन सूचना हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाइट का निरन्तर अवलोकन करते रहें।

05.12.2022

सहायक कुलसचिव (प्रशा0)

प्रतिलिपिः–

01. वैयक्तिक सहायक–कुलपति को माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
02. वैयक्तिक सहायक–वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी महोदय के सूचनार्थ।
03. वैयक्तिक सहायक कुलसचिव को कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
04. वैयक्तिक सहायक–परीक्षा नियन्त्रक को परीक्षा नियन्त्रक महोदय के सूचनार्थ।
05. प्रेस प्रवक्ता, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को इस आशय के साथ कि उक्त विज्ञप्ति विभिन्न दैनिक समाचार पत्रों में छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
06. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाईट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

सहायक कुलसचिव (प्रशा0)